# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWS पंजाब केसरी DELHI ▸ 7 फरवरी, 2023 ▸ मंगलवार DATED---------------------


# प्रकृति के सम्मान से ही आपदा से बचाव संभव



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): द्वारका सेक्टर-8 में स्थित डीडीए ग्राउंड में उत्तराखंड एकता मंच द्वारा उत्तरायणी महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के शुरुआत सृष्टि रक्षा समरसता महायज्ञ से की गई। और इसके बाद सर्वभाषा कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें संस्कृत, हिंदी, गढ़वाली, कुमाऊनी और जौनसारी भाषा में कविताएं प्रस्तुत की गईं। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी। समारोह में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल प्रसिद्ध कवि बृजेश द्विवेदी ने कहा कि संस्कृति, धर्म और समाज की गौरव थाती को साहित्य और संगीत संरक्षित करते हैं। दिल्ली में उत्तराखंडी समाज ने पिछले एक डेढ़ दशक में उत्तरायणी दिल्ली और देवभूमि का ही नहीं पूरे देश का पर्व बनाने का सफल प्रयास किया है। उत्तरायणी समारोह की अध्यक्षता करते हुए पर्वतीय लोकविकास समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा के उत्तराखंड के कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र दत्त सेमवाल ने कहा कि केंद्र सरकार और उत्तराखंड सरकार जोशीमठ के प्रभावितों के लिए पहले दिन से प्रभावी प्रयास कर रहे हैं। मंच की अध्यक्ष लक्ष्मी नेगी ने कहा कि 15 वर्ष पूर्व स्थापित उत्तराखंड एकता मंच ने उत्तरायणी अभियान को बढ़ाने का कार्य कर रही है। अब लक्ष्य सरकारों के माध्यम से उत्तराखंडी बहुल और द्वारका से सटे राजनगर क्षेत्र में सामूहिक आयोजनों के लिए एक सरकारी समुदाय निर्माण का है।